## एक नजर में

### आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवेदन 31 मई तक

**खंडवा ।** सहायक आयुक जनजातीय कार्य विभाग खण्डवा ने बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य म.प्र. भोपाल द्वारा जारी किये गये निर्देशानुसार नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रावास / आश्रम शालाओं में प्रवेश प्रकिया पूर्ण किये जाने के निर्देश हैं।उन्होंने बताया कि खंडवा जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास / आश्रमों में नवीन प्रवेश हेतु 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि आवेदन संबंधित संस्था के अधीक्षक से प्राप्त कर उनके पास जमा किये जायेंगे।उन्होंने बताया कि आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार छात्रावास / आश्रमों में नवीन प्रवेश लेने के पूर्व छात्र/छात्राओं को प्रोफाईल पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

### जागरूकता कैम्प का आयोजन 28 व 30 मई को जिले के विभिन्न स्कूलों में किया जाएगा

**10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु**

**खंडवा।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रवेश बढ़ाने एवं कौशल विकास में वृद्धि करने हेतु सत्र 2025-26 में ''तकनीकी की ओर बढ़े - पॉलिटेक्निक चले'' अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों में 28 मई तथा 30 मई को कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। 28 मई को खंडवा के उत्कृष्ट विद्यालय, सूरजकुंड हाइयर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 11 से 2 एवं सीएम राइज आनंद नगर एवं रामनगर हाइयर सेकेंडरी स्कूल में दोपहर 2 से 5 में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 30 मई को पंधाना, छैगांवमाखन, जसवाड़ी, अमलपुरा, जावर, अहमदपुर खैगांव, कोहदड, मोहना, कालमुखी में सुबह 11 से 2 बजे तक एवं बड़ी बोरगांव, देश गांव, सिंगोट, खेड़ी, मूंदी, चितगोहन, छोटी बोरगांव, रिछफल में दोपहर 2 से 5 में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा ज्योतिबा फुले शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य एपी साकल्ले ने बताया कि इन कैम्पों में दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक में प्रवेश से संबंधित जानकारी, विभिन्न ब्रांच एवं उनसे प्राप्त होने वाले रोजगार एवं शासन की संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जायेगा।उन्होंने बताया कि खंडवा जिले के समस्त 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अपने निकट के कैम्प में उपस्थित होकर वर्तमान समय में रोजगार मुखी, पाठ्यक्रमों, तकनीकी शिक्षा के महत्व की जानकारी का लाभ प्राप्त करें।

### कलेक्टर गुप्ता ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं




**खंडवा ।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की



समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में दादाजी वार्ड एवं संजय नगर वार्ड के निवासीयों ने आवेदन देकर आवासीय पट्टे का अपात्र लोगो के नाम से जारी कर पात्र लोगों को लाभ से वचिंत करने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने अनुविभागीय अधिकारी खण्डवा को पट्टा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र एवं अपात्र की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आवेदक रणजीत निवासी ग्राम जामनी ने आवेदन कर स्थाई पट्टा आवंटन की मांग की जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदार खालवा को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में शिवाजी नगर दादाजी वार्ड के निवासियों द्वारा वार्ड में रोड बनवाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को जाँच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।इस दौरान जनसुनवाई में लगभग 95 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले, अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

### अंडर - 14 बिग्नर ग्रुप में प्रखर विजेता



**खंडवा।** लॉन टेनिस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई।दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के पहले दिन प्रखर गंगराड़े विजेता रहे। खेल और युवा कल्याण विभाग टेनिस एनआईएस कोच अमीन अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में दो ग्रुप अंडर 14 बिगनर ग्रुप एवं अंदर 14 इंटरमीडिएट ग्रुप थे। दिनांक 27 मई 2025 को कुल 8 मैच खेले गए जिसमें अंडर 14 बिगनर ग्रुप में प्रखर गंगराड़े ने अर्जुन मंडलोई को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 11-9 से जीत दर्ज की इस तरह प्रतियोगिता के विजेता प्रखर गंगराड़े एवं उपविजेता अर्जुन मंडलोई रहे अंडर 14 इंटरमीडिएट ग्रुप के शेष मुकाबले कल खेले जाएंगे

### आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून तक

**खण्डवा ।** स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खण्डवा में जिले की ग्रामीण बेरोजगार युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष तक के लिए आगामी माह से महिला सिलाई का 31 दिवसीय एवं आर्टिफिशिल ज्वेलेरी का 14 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम होना प्रस्तावित है।आरसेटी के निदेशक ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिले के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिसमे आधार कार्ड, 4 पासपोर्ट साईज फोटो, मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, अंतिम परीक्षा पास की मार्कशीट, वोटर आई.डी. कार्ड, बैंक पास बुक की फोटोकॉपी लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा इनमें से कोई एक पत्रक परिवार में कोई स्वयं सहायता समूह सी.एच.जी. से जुड़ा है, तो उससे संबंधित दस्तावेज, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हो तो उसका कोई पत्रक, एस.ई.सी.सी. डाटा में एन्ट्री का पत्रक,राशनकार्ड (बी.पी.एल.) राशन पर्ची, अंत्योदय कार्ड,पी.डी.एस./ पी.आई.पी. कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड (कार्यदिवस की एन्ट्री सहित) के साथ 5 जून तक स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खण्डवा में आकर जमा करा सकते हैं।

# निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र बंद मिला

**अनुपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं,सहायिकाओं का 3-3 दिवस का किया गया मानदेय कटोत्रा**
**सैक्टर पर्यवेक्षक को एक वेतन वृद्धि रोके जाने का कारण बताओं सूचना पत्र**



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन नन्दराम चौहान ने आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिली और कर्मचारियों को बिना ड्रेस कोड के भी पाया गया तो कुछ केंद्रों में कार्यकत्री भी गैरहाजिर पाई गई ।

नन्दराम चौहान ने बताया कि उनके द्वारा मंगलवार को ग्राम सहेजला की आंगनवाड़ी केन्द्र,ग्राम शिवपुरी की आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम रोहनाई की आंगनवाड़ी केन्द्र क्र.-1, ग्राम अत्तर की आंगनवाड़ी केन्द्र कं.-2,3, ग्राम चिचगोहन की आंगनवाड़ी केन्द्र कं. 2,3 तथा चारण टोला एवं ग्राम तलवड़िया की आंगनवाड़ी केन्द्र कं.-1,3 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र चारण टोला बंद पाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शोभना डोंगरे अनुपस्थित पायी गयी। आंगनवाड़ी केन्द्र अत्तर क्र.-2 बंद पाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया कौशल एवं सहायिका लता पाल अनुपस्थित पायी गयी। आंगनवाड़ी केन्द्र अत्तर-3 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी पटेल बिना विभागीय यूनिफार्म के उपस्थित एवं सहायिका ममता सेन अनुपस्थित पायी गयी। आंगनवाड़ी केन्द्र तलवड़िया क्र.-1 सहायिका सुनिता बाई आंगनवाड़ी केन्द्र पर अनुपस्थित पाई गई। आंगनवाड़ी केन्द्र तलवड़िया केन्द्र क्र.- 3 बंद पाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शीतल पाल एवं सहायिका समा बी आंगनवाड़ी केन्द्र से अनुपस्थित पायी गयी।

आंगनवाड़ी केन्द्र संचालन में उक्त गंभीर लापरवाही के कारण संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के 3-3 दिवस मानदेय कटौत्रा कर तथा भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति होने पर सेवा समाप्ति जैसी कठौर कार्यवाही किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

उन्होंने बताया कि संबंधित सैक्टर पर्यवेक्षक श्रीमति ममता भैंसारे द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण न किये जाने एवं लापरवाह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं / सहायिकाओं के अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी प्रस्ताव न दिये जाने के कारण एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# भगवान शनि देव का जन्मोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ मनाया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। न्याय के देवता भगवान शनि देव का जन्म महोत्सव मंगलवार को धार्मिक उत्साह के साथ खंडवा के प्राचीन भवानी माता रोड स्थित शनि मंदिर में शनि जन्मोत्सव मनाया मनाया गया।**

**शनि जयंती पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन, अभिषेक किया**

इस प्राचीन शनि मंदिर को डेढ़ सौ वर्ष से भी अधिक हो चुके हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी शनि भक्त शर्मा परिवार भगवान शनि देव एवं मंदिर की पूजा अर्चना सुरक्षा कर रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को शनि मंदिर में जन्मोत्सव के साथ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव के दर्शन अभिषेक कर प्रसादी ग्रहण की ।

शनि जयंती पर मंगलवार को प्रात: 5.00 बजे से शनि उत्सव प्रारंभ प्रारंभ हुआ, श्रद्धालुओ ने दर्शन पूजन के साथ अपने हाथों से अपने परिवार एवं सभी के कल्याण के लिए शनि देव भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर तेल से अभिषेक किया। सुबह 5.00 से शाम 4.00 बजे तक प्राचीन शनि देव की प्रतिमा पर तेल से अभिषेक श्रद्धालु द्वारा किया गया। इस बीच दोपहर 12.30 बजे मंदिर के पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा द्वारा शनि देव की जन्मोत्सव की आरती कर भगवान को भोग लगाया। शनि जयंती पर दोपहर 1.00 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन भी आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पश्चात भोजन प्रसादी ग्रहण ।

मंदिर के पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि शनी जन्म महोत्सव पर श्रद्धालुओं के साथ ही जिन राशि वाले श्रद्धालुओं को शनि की महादशा, अंतर, परंतर, साडेसाती, अढैया व राहु केतु दशा अशुभ चल रही थी उन परिवार बालों ने शनि मंदिर पहुंचकर अपने स्वयं के कल्याण हेतु दर्शन कर शनि देव का तेल से स्नान अभिषेक कर काली तिल्ली, उड़द, नैवेद प्रसाद, दक्षिणा चढाकर अपने परिवार के कल्याण की कामना की।

मंगलवार को दिनभर शनि महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया शाम 7.30 बजे जन्मोत्सव पर बच्चों द्वारा केक भी काटा गया एवं रात्रि 8.00 बजे महाआरती का आयोजन भी संपन्न हुआ। शनि मंदिर में जन्मोत्सव एवं भंडारे का संचालन दिनकर देशमुख द्वारा किया गया।



# सद्भावना मंच ने यातायात समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खंडवा में यातायात की विभिन्न समस्याओं को लेकर सद्भावना मंच का प्रतिनिधि मंडल स्थानीय यातायात थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह परिहार से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने मुख्य रूप से खंडवा जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित ट्रैफिक प्रीपेड बूथ को पुनः प्रारंभ करने की मांग की।



इसके साथ ही खंडवा में अनावश्यक बने स्पीड ब्रेकर्स की संख्या कमकरने,यातायात सुगम करने के लिए व्यवस्थित पार्किंग पर पुरजोर ध्यान केंद्रित करने और अनावश्यक चालानी कार्रवाई न करने आदि विषयों पर भी श्री परिहार से चर्चा की। कुछ स्थानों पर ट्रकों और डंपरों से अवैध वसूली की मिल रही शिकायतों की भी उन्हें जानकारी दी।

इस अवसर पर सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेन्द्र गीते,गणेश भावसार, कमल नागपाल, निर्मल मंगवानी, राधेश्याम शाक्य, नरेंद्र दवे, राजेश पोरपंथ, सुभाष मीणा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# गैंगरेप के दोनों आरोपी 2 दिन की पुलिस रिमांड पर




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के खालवा थाना क्षेत्र की महिला के साथ गैंगरेप के दोनों आरोपियों का रिमांड खत्म होने पर मंगलवार को खालवा पुलिस ने खंडवा जिला न्यायालय में दोनों आरोपियों हरि पिता रामचन्द्र कोरकू, सुनील पिता लालसिह करकू को पेश किया।

यह पर पुलिस ने कोर्ट से दो दिन के रिमांड बढ़ाये जाने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर दोनों आरोपियों की 2 दिन की पुलिस रिमांड दे दी।

## मुख्यमंत्री नि-शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत दृष्टिबाधित छात्रों को मिला लैपटॉप



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।मुख्यमंत्री नि-शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत मंगलवार को तीन दिव्यांग दृष्टिबाधित छात्रों को कलेक्टर श्री ऋष्व गुप्ता द्वारा लेपटॉप वितरण किया गया।**

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग निकिता मंडलोई द्वारा बताया गया कि दृष्टिबाधित छात्रों में प्रकाश चौहान, विनोद गौतम एवं दिलीप मुजाल्दे को लेपटॉप वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नि-शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत 10 वीं में प्रथम बार प्रवेश लेने पर एक बार एवं द्वितीय बार स्नातक/ पोलीटेक्नीक में प्रवेश लेने पर प्रदाय किया जाता है, ताकि, नि-शक्त विधार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराकर उनको आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का अमला उपस्थित था।

## आई.टी.आई. में प्रवेश 18 जून से होगा प्रारंभ

**प्रवेश में सहायता हेतु की गई हेल्प डेस्क की स्थापना**

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, खंडवा के प्राचार्य ने बताया कि जिले में स्थित समस्त शासकीय आईटीआई खण्डवा, महिला खण्डवा, मूंदी, नर्मदानगर, खेडी, भगवानपुरा (किल्लौद) एवं पंधाना में संचालित एनसीवीटी / एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की कार्यवाही प्रचलन में है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी की सहायता हेतु शासकीय आईटीआई खण्डवा में हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी 31 मई तक नवीन रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार/च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार (च्वाईस लॉक करने से पूर्व तक) करा सकते हैं। प्रवेश की कार्यवाही 18 जून से प्रारंभ होगी।

प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, खंडवा ने बताया कि आवेदकों हेतु पोर्टल के www.dsd.mp.gov.in होम




पेज पर रिक्त सीटों की जानकारी उपलब्ध है। आवेदक नवीन रजिस्ट्रेशन में त्रुटिसुधार / च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार आदि के लिए अभ्यर्थी हेल्पडेस्क में संस्था के यशवत पटवारे एवं शान्तनु शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

**आस्था और पर्यावरण संरक्षण** | **श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग: आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक**

# मंदिर में अर्पित फूलों और बेलपत्रों का हो रहा पुनर्चक्रण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले का पवित्र तीर्थ स्थल,श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ने आध्यात्मिकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठा कदम उठाया है। श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन और पुष्पांजलि इकोनिर्मित के सहयोग से मंदिर में अर्पित फूलों और बेलपत्रों के पुनर्चक्रण की एक अभिनव पहल शुरू की है, जो न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रतिदिन मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाले फूलों और अन्य पूजन सामग्री को अब बेकार नहीं जाने दिया जाता। ट्रस्ट द्वारा इन फूलों को एकत्र कर स्थानीय स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के हाथों में सौंपा जा रहा है,जो इन्हें मूल्यवर्धित उत्पादों में बदल रही हैं।

पुष्पांजलि इकोनिर्मित संस्था






इन महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण,मशीनें और आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है, जिससे वे अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री, प्राकृतिक जैविक खाद और प्राकृतिक रंग जैसे उत्पाद तैयार कर रही हैं।

ये उत्पाद न केवल मंदिर परिसर में,बल्कि स्थानीय बाजारों में भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिससे इन महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। फूलों के कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलकर यह मॉडल स्वच्छ भारत मिशन को भी सशक्त रूप से समर्थन दे रहा है।

श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के इस प्रयास को जिला प्रशासन का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। यह साझेदारी न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रही है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।



यह मॉडल तीर्थ स्थल पर आस्था, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता के संगम को दर्शाता है। श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग अब केवल भक्ति का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक ऐसा उदाहरण बन रहा है जो यह साबित करता है कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चल सकते हैं, और इस राह पर महिलाएं समाज की नई शक्ति बनकर उभर रही हैं।